अमर उजाला

# नकली शराब से लदा ट्रक पकड़ा, चार गिरफ्तार

कानपुर ब्यूरो Updated Sat, 08 Sep 2018 01:56 AM IST



डेरापुर/कानपुर देहात। पुलिस ने शुक्रवार की सुबह नकली शराब लाद कर हरियाणा से गुजरात जा रहे ट्रक को मुंगीसापुर कस्बे के पास पकड़ लिया। इसके साथ ही ट्रक के आगे रेकी कर रहे कार सवार दो युवकों को भी दबोच लिया। पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार कर 720 पेटी नकली अंग्रेजी शराब बरामद की। एसपी राधेश्याम ने बताया कि मामले में चार नामजद व दो अज्ञात लोगों पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

डेरापुर थाने में आयोजित पत्रकारवार्ता में एसपी राधेश्याम ने बताया कि करीब एक माह से शराब की खेप निकलने की जानकारी मिल रही थी। जिस पर सीओ डेरापुर तेजबहादुर के नेतृत्व में मंगलपुर व डेरापुर थाने की पुलिस टीम को लगाया गया था। शुक्रवार को शराब लदा ट्रक आने की जानकारी मिलते ही टीम अलग-अलग स्थानों में सक्रिय हो गई। ट्रक को मुंगीसापुर में रोका गया। चालक ने आर्मी कैंटीन का सामान लदा होने की बात कह बिल्टी भी दिखाई। ट्रक का तिरपाल हटाए जाने पर शराब लदे होने का खुलासा हुआ। टीम ने ट्रक चालक कोकरी कला अजीतबाग मोगा पंजाब निवासी परमिंदर व उसके सहयोगी सुरगजीर रोड भटिंडा पंजाब निवासी विशाल सिंह को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने ट्रक में लदी 720 पेटी नकली अंग्रेजी शराब कब्जे में ली है। इधर, ट्रक आने से पहले हरियाणा नंबर की एक कार आई, जिसके पीछे एक पुलिस टीम लग गई। वह कार आगे जाकर रुक गई। पुलिस ने कार सवार शिकारपुर नूह तारू हरियाणा के खालिद और उसके साथी कंगारका मेवात हरियाणा के शमीम अहमद को गिरफ्तार कर लिया। दोनों पुलिस की रेकी कर ट्रक को निकाल रहे थे। शराब पकड़े जाने की सूचना पर पहुंचे जिला आबकारी अधिकारी सतीश चंद्र ने शराब की जांच की तो बोतल में कहीं भी बैच नंबर व निर्माण तिथि आदि पड़ी नहीं मिली। होलोग्राम भी नकली पाया गया।

Source: https://www.amarujala.com/uttar-pradesh/kanpur/51536351976-kanpur-news